आकाशवाणी केन्द्र शिमला

31.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

राष्ट्रपति संबोधन

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि सरकार, देश के विकास और लोगों के कल्याण के लिए अभूतपूर्व गति से काम कर रही है। नई दिल्ली में संसद के बजट सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने सरकार की विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि देशभर में तीन करोड़ और परिवारों को मकान उपलब्ध् कराने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के विस्तार का फैसला किया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि केंद्र सरकार ने आयुष्मांन भारत योजना के तहत 70 साल और उससे अधिक उम्र के छह करोड़ वरिष्ठ नागरिकों को स्वास्थ्य बीमा लाभ देने का फैसला किया है। द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि सरकार का मुख्य ध्यान युवाओं की शिक्षा और रोजगार के नये अवसर पैदा करने पर है। उन्होंने बताया कि एक करोड़ युवाओं को देश की पांच सौ बड़ी कंपनियों में इंटर्नशिप उपलब्ध करायी जाएगी।

पीएम बजट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्वास व्यक्त किया है कि संसद का बजट सत्र 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में नया आत्मविश्वास और ऊर्जा भरेगा। संसद के बजट सत्र की शुरुआत से पहले मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 में जब भारत अपनी स्वतंत्रता के सौ वर्ष पूरे करेगा, तब देश, विकसित भारत के अपने संकल्प को पूरा करेगा। नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि भारत ने एक लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में 75 वर्ष पूरे कर लिए हैं और वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाई है। प्रधानमंत्री ने संसद के सभी सदस्यों से देश को विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान देने की अपील भी की।

आर्थिक सर्वेक्षण

वित्त वर्ष 2025 में भारत के वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद में छह दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है और वित्त वर्ष 2026 में यह वृद्धि छह दशमलव तीन से छह दशमलव आठ प्रतिशत के बीच रहने की संभावना है। आज संसद के दोनों सदनों में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन द्वारा प्रस्तुत आर्थिक सर्वेक्षण में यह अनुमान लगाया गया। आर्थिक सर्वेक्षण में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि घरेलू अर्थव्यवस्था की बुनियाद मजबूत बनी हुई है, जिसमें संतुलित राजकोषीय समेकन और स्थिर निजी खपत है। सर्वेक्षण के अनुसार कमजोर वैश्विक मांग और घरेलू मौसमी परिस्थितियों के कारण विनिर्माण क्षेत्र को दबाव का सामना करना पड़ा। सर्वेक्षण ने देश की मध्यम अवधि की विकास क्षमता को मजबूत करने के लिए जमीनी स्तर के संरचनात्मक सुधारों और विनियमन के माध्यम से देश की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने पर भी जोर दिया।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार पंचायतीराज संस्थाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आज ज्वाली विधानसभा क्षेत्र की डोल पंचायत में एक करोड़ 15 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का शिलान्यास किया। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, पुल, बिजली, पेयजल और सिंचाई व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण पर ज़ोर दे रही है।

ग्लैंडर्स बीमारी

मंडी जिले में घोड़ों और खच्चरों में फैलने वाली ग्लैंडर्स बीमारी से दहशत का माहौल बन गया है। मंडी के समौण से लिए घोड़ों के रक्त के सैंपल राष्ट्रीय अश्व अनुसंधान केंद्र हिसार में जांच के दौरान पॉजिटिव निकले हैं। इस बीमारी के जीवाणु पशुओं के शरीर में फैल जाते हैं जिससे सांस संबंधी तकलीफें भी बढ़ जाती हैं। पशुपालन विभाग के उप–निदेशक डॉ. रवि ठाकुर ने बताया कि मंडी में गलैंडर्स बीमारी का एक मामला दर्ज किया गया है, जिसकी रिपोर्ट एनआरसी केंद्र हिसार से पॉजिटिव आई है।

..............................................................................................................................................